महानिदेशक राकेश पाल, रा. त. प., त. प.
महानिदेशक भारतीय तटरक्षक
Director General Rakesh Pal, PTM, TM
Director General Indian Coast Guard

Tel. : 91-11-23382546
Fax : 91-11-23385185
E-mail : dg@indiancoastguard.nic.in

तटरक्षक मुख्यालय
राष्ट्रीय स्टेडियम परिसर
नई दिल्ली 110001
Coast Guard Headquarters
National Stadium Complex
New Delhi 110001

महानिदेशक का संदेश
हिंदी दिवस - 2023

1. तटरक्षक के समस्त अफसरों एवं कार्मिकों को **हिंदी दिवस (14 सितंबर)** की हार्दिक शुभकामनाएं ।

2. हमारे संविधान में हिंदी को राजभाषा का स्थान प्रदत्त है। हिंदी ने विभिन्न विचारधाराओं, संस्कृतियों तथा वेशभूषाओं को संगठित किया है, जिससे हमारा राष्ट्र "वसुधैव कुटुम्बकम" के मार्ग पर निरंतर अग्रसर है। हमें हिंदी भाषा का उपयोग केवल पठन-पाठन तक ही सीमित न करके, अपितु दैनिक जीवन व कार्यकलापों में सम्मिलित करके गौरवान्वित होना चाहिए। भारतीय तटरक्षक, संघ की राजभाषा नीति का अनुपालन करने के लिए वचनबद्ध है।

3. हिंदी का महत्व केवल राजभाषा में ही नहीं, बल्कि जनभाषा के रूप में सर्वोपरि है, क्योंकि वह साक्षरों की नहीं, निरक्षरों की भी भाषा है। भाषा भाव और विचारों का माध्यम मात्र नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति समाज और राष्ट्र को सुदृढ़ और जीवंत बनाने का सर्वमान्य, सशक्त साधन भी है।

4. यह गर्व का विषय है कि राजभाषा हिंदी की व्यापकता और सार्थकता को आज विश्व ने भी स्वीकार किया है। भारत जैसे बहुभाषा देश में संपर्क भाषा के रूप में हिंदी एक सफल भूमिका निभाती रही है। इसे बोलचाल की भाषा से कामकाज की भाषा का दर्जा दिलाने के लिए हम सबको हर संभव प्रयास करना होगा। सरकारी कामकाज में प्रचलित आम बोलचाल के हिंदी शब्दों का प्रयोग किए जाने से हिंदी भाषा की स्थिति और सुदृढ़ होगी। हिंदी में काम करते वक्त यह सुनिश्चित करना होगा कि भाषा को सरल एवं सहज रूप में लिखा जाए ताकि यह आसानी से समझी जा सके तथा अपनाई जा सके।

5. हिंदी दिवस 2023 के अवसर पर संगठन के सभी अफसरों एवं कार्मिकों से मैं अपील करता हूं कि आइये हम आज संकल्प लें कि अपने दैनिक कार्यों में, कार्यालय के कामकाज में अधिकाधिक कार्य हिंदी में करके दूसरों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेंगे तथा संवैधानिक दायित्वों की पूर्ति पूरी निष्ठा एवं समर्पण भावना से करेंगे।

जय हिंद,

राकेश पाल
(राकेश पाल)
महानिदेशक, भारतीय तटरक्षक

दिनांक 12 सितंबर, 2023